तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 16 अप्रैल 2026
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 बांगो बांध के बकेट का ट्रीटमेंट करेगी दिल्ली की कंपनी



# नई कालोनी के 370 फ्लैट्स में मात्र 35 की बुकिंग, निर्माण में होगी देरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड ने शहरी क्षेत्र के खरमोरा में लगभग 5 एकड़ भूमि पर 6 मंजिला (जी+6) आधुनिक आवासीय कॉलोनी विकसित करने जा रहा है। इस परियोजना में लिफ्ट की सुविधा वाले लगभग 370 फ्लैट्स बनाए जाने प्रस्तावित हैं। जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के लिए किफायती दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मकानों की बुकिंग की प्रक्रिया करीब 6 माह पहले हाउसिंग बोर्ड ने आवास मेला के माध्यम से शुरू किया था। जिसके लिए काफी प्रचार प्रसार भी किए गए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग मकानों की बुकिंग करा सकें। प्रस्तावित कालोनी की वर्तमान स्थिति हाउसिंग विभाग के लिए काफी चिंताजनक है। विभाग के अथक प्रयास के बाद भी 370 फ्लैट्स में से मात्र 35 की बुकिंग ही आज दिनांक तक हो पाई है। मकानों की बुकिंग में विलंब का सीधा असर कालोनी के निर्माण पर पड़ने वाला है। ऐसे में जिन लोगों ने पहले बुकिंग करा लिए हैं उन्हें भी अपने मकान के बनने का इंतजार करना पड़ेगा। विभाग के अनुसार पहले बोर्ड द्वारा कालोनी का निर्माण शुरू करा दिया जाता था और साथ साथ बुकिंग चलती रहती थी। लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। अब मकानों की पर्याप्त बुकिंग के बाद ही कालोनी के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी।

## हाउसिंग बोर्ड की खरमोरा में प्रस्तावित है 6 मंजिला नई कालोनी

**खास बातें**

- 6 माह पहले शुरू हो गई थी बुकिंग
- कालोनी के प्रति नहीं दिख रहा लोगों में रुझान



**बुकिंग नहीं हुई है ओपन**

खरमोरा में प्रस्तावित नई कालोनी के मकानों की बुकिंग राजधानी रायपुर से ओपन की जाती है। अभी सभी मकानों की बुकिंग ओपन नहीं होने से बहुत कम मकान ही बुक हो पाए हैं। जिसके कारण कंस्ट्रक्शन में समय लग सकता है। कंस्ट्रक्शन शुरू करने के लिए कम से कम कालोनी के 60 प्रतिशत मकानों की बुकिंग होना जरूरी है।

**-योगेश कुमार पटेल,** ईई, हाउसिंग बोर्ड कोरबा

## ऑनलाइन प्रक्रिया भी बन रही बाधक

हाउसिंग बोर्ड द्वारा अब किसी भी मकान की बुकिंग हो या फिर बुकिंग के बाद राशि भुगतान की प्रक्रिया सभी को पारदर्शी कर दिए हैं। मकान की बुकिंग के लिए या लागत राशि जमा करने के लिए विभाग में कैश लेन देन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। जिस व्यक्ति के नाम से मकान होगा उसे अपने बैंक खाते के माध्यम से प्रक्रिया पूरी करनी होगी। जैसे ऑनलाइन बुकिंग, डीडी के भुगतान या अन्य प्रणाली जो कैशलेस होगी लेकिन मकान खरीदने वाले के खाते से ही राशि ट्रांसफर होगी। इस जटिल प्रक्रिया के कारण जो लोग दूसरों के नाम से मकान लेकर कैश लेन देन कर लेते थे वे नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण बुकिंग प्रक्रिया धीमी पड़ गई है।

## 8वीं बार कोषाध्यक्ष बने अमरनाथ कौशिक, शेष पदों युवाओं को मिला मौका

# गणेश कुलदीप बने अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुनील निर्वाचित हुए सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अधिवक्ता संघ के दो वर्षीय कार्यकाल के चुनाव के लिए रविवार को न्यायालय परिसर में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई थी। जिसके उपरांत सोमवार को न्यायालय परिसर में मतगणना शुरु हुई जिसके बाद दोपहर से परिणाम आने शुरु हो गए और विजयी प्रत्याशी के चेहरे में खुशी साफ झलक रही थी। इस बार अध्यक्ष पद पर गणेश कुलदीप अपने निकटतम प्रतिद्वंदी संजय जायसवाल से 20 वोट से हासिल की गणेश कुलदीप को 293 व श्री जायसवाल को 273 मत प्राप्त हुए वहीं सचिव पद पर सुनील यादव ने जीत हासिल की है।



उल्लेखनीय है कि जिला अधिवक्ता संघ के दो वर्ष कार्यकाल के लिए चुनाव के प्रक्रिया पिछले कई दिनों से जारी थी और विभिन्न पदों के लिए मैदान में शामिल अधिवक्ता अपने-अपने जीत के लिए लगातार प्रसार प्रचार में लगे हुए थे। जिसके बाद रविवार की सुबह न्यायालय परिसर स्थित मतदान केंद्र में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई थी। 813 मतदाताओं में से 757 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। जिसके बाद सोमवार की सुबह 9 बजे मुख्य चुनाव अधिकारी गोपी कौशिक की उपस्थिति में मतगणना की प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें अध्यक्ष पद में गणेश कुलदीप विजयी हुए, इसी तरह पुरुष उपाध्यक्ष पद में रवि शर्मा विजयी हुए उन्हें 213 मत प्राप्त हुए दूसरे स्थान पर बद्री प्रसाद मोदी रहे जिन्हें 168 मत प्राप्त हुए। इसी तरह महिला उपाध्यक्ष पद में उर्मिला भगत ने 276 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सरिता पांडेय को 252 मत मिले, महज 24 मत से मात देकर उर्मिला भगत ने महिला उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। तो वहीं सचिव पद के लिए सुनील यादव ने 342 मत हासिल किया जबकि रघुनंदन ठाकुर ने 290 मत हासिल किया और सुनील यादव ने 52 वोट से जीत अपने नाम दर्ज की। जबकि पुरुष सह सचिव में रवि भगत को 457 मत मिले जबकि लक्ष्मण पटेल को 290 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार रवि भगत ने अपने प्रतिद्वंदी लक्ष्मण पटेल को 167 मतों से पराजित कर सह सचिव के पद पर कब्जा किया है। इसी तरह महिला सह सचिव पद के लिए माधुरी बोराई ने 513 मत हासिल किये जबकि समीना खातुन ने 227 मत प्राप्त किया। 286 मतों से माधुरी बोराई ने जीत दर्ज की। कोषाध्यक्ष पद में 8वीं बार अपना परचम लहराते हुए जीत अपना नाम दर्ज की है उन्हें 412 मत प्राप्त हुए। जबकि ग्रंथालय सचिव के लिए क्रांति श्रीवास ने 313 वोट हासिल कर जीत अपने नाम दर्ज की है जबकि छतराम ने 225 मत हासिल किया। इस प्रकार 88 मतों से क्रांति श्रीवास ने जीत दर्ज की। इसी तरह कार्यकारिणी सदस्य में करमचंद प्रजापति, शिवकुमार साहू, श्रवण थवाईत, वरुण कुमार राही व स्वपनील शर्मा ने जीत दर्ज की है।

# बसाहट सहित रोजगार की मांग को लेकर भठोरा फेस का काम ठप



धरना देते हुए एसईसीएल भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नराईबोध के ग्रामीणों का धैर्य आज जवाब दे गया पुनर्वास, बसाहट और रोजगार जैसी मूलभूत मांगों को लेकर ग्राम पंचायत के नेतृत्व में आज सुबह 7 बजे से ग्रामीणों ने भठोरा फेस का खदान बंद कर दिया है आंदोलन के कारण खदान में कामकाज पूरी तरह ठप्प हो गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में जिला प्रशासन एसईसीएल प्रबंधन और ग्राम नराईबोध के बीच हुई त्रिपक्षीय बैठक में कई अहम समझौतों पर सहमति बनी थी लेकिन आज तक उन्हें अमलीजामा नहीं पहनाया गया है। आंदोलनकारियों की मांग है जिसमें प्रभावित ग्रामीणों को उचित बसाहट स्थल और वहां नागरिक सुविधाएं प्रदान करना। पूर्व में छूटे हुए मकानों की जीपीएस के माध्यम से पारदर्शी नापी और उचित मुआवजा। समझौते के अनुसार आउटसोर्सिंग कंपनी में 70 प्रतिशत स्थानीय प्रभावित ग्रामीणों को प्राथमिकता के साथ रोजगार देना। बसाहट स्थल पर लंबित विकास कार्यों को तत्काल शुरू करना। ग्राम पंचायत नराईबोध के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि यह केवल सांकेतिक विरोध नहीं है यदि प्रबंधन और प्रशासन तत्काल ठोस निर्णय नहीं लेते हैं तो 15 अप्रैल 2026 से खदान के समीप ही विशाल पंडाल लगाकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। पार्षद अमिला पटेल ने बताया कि प्रबंधन बार-बार केवल आश्वासन दिया है।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी व एक अन्य मकान में चोरी के मामले को पुलिस ने सुलझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस कर्मी सहित एक अन्य मकान में चोरी के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने एक आरोपी व एक नाबालिक को गिरफ्तार किया है। दोनों ही मामलों में एक ही गिरोह के सदस्यों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मामले में फरार चल रहे आरोपियों की खोजबीन में जुटी हुई है। नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पीपरपारा कोहड़िया निवासी हंसराज खाण्डे ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 1 से 6 अप्रैल तक अपने परिवार सहित विवाह कार्यक्रम में बाहर गया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों द्वारा घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया तथा आलमारी एवं गुल्लक में रखी नगदी रकम, लगभग 35 किलो चावल, एक गैस सिलेंडर एवं स्पाइस कंपनी का होम थियेटर चोरी कर लिया था। हंसराज की रिपोर्ट अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। इसी तरह पोड़ीबहार निवासी अटल अमित बाघ पिता आमोस बाघ उम्र 45 साल ने थाना सिविल लाईन रामपुर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 अप्रैल की शाम 6 बजे ग्लेडबिन कुमार के क्वा.नं. एनडी 12 सीएसईबी कॉलोनी में 8 अप्रैल को उसके पड़ोसियों ने बताया कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है और अलमारी में रखे हुए 35 हजार रुपए एवं चॉदी के कुछ सिक्के सहित कुल 40 हजार रूपये के सम्पति को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये हैं। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की खोजबीन में जुटी हुई थी। पतासाजी के दौरान पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों के साथ उक्त दोनों मकानों में चोरी करना स्वीकार किया। पकड़े गए आरोपी पुराना कांशीनगर प्रभात दास दीवान उर्फ लाल उम्र 21 साल पिता श्यामलाल दीवान सहित एक नाबालिक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने एक मोटर साइकिल व नगदी एक हजार रुपए जब्त किया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**खास बात**

- एक नाबालिग सहित दो गिरफ्तार, चोरी का सामान जब्त

# सीएमडी दुहन ने गेवरा, दीपका कुसमुंडा खदानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- रविवार को एसईसीएल सीएमडी ने खदानों का किया निरीक्षण

देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एसईसीएल ने अपनी कमर कस ली है। रविवार को एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा, दीपका और कुसमुंडा का दौरा किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी के बावजूद कोयला उत्पादन और डिस्पैच (आपूर्ति) को निर्बाध बनाए रखना और आगामी मानसून के लिए पुख्ता तैयारी करना रहा। फ्लाईओवर से लेकर पार्किंग स्टैंड तक पैनी नजर रखी जाएगी।



खदान का निरीक्षण करते हुए सीएमडी।

शॉवेल के कार्यक्षेत्र का जायजा लेते हुए डिपार्टमेंटल ओबी उत्पादन बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। कुसमुंडा क्षेत्र में नीलकंठ पैच का निरीक्षण करते हुए सीएमडी ने उत्पादन गतिविधियों की समीक्षा की। साथ ही,

दीपका क्षेत्र में सीएमडी ने तीनों मेगा प्रोजेक्ट्स के महाप्रबंधकों और विभाग प्रमुखों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान रोड सेल के माध्यम से होने वाले कोयला परिवहन में आ रही बाधाओं पर चर्चा हुई। उन्होंने थाना चौक और निर्माणाधीन फ्लाईओवर का बारीकी से निरीक्षण किया। ट्रकों के लिए पार्किंग स्टैंड की व्यवस्था का जायजा लिया ताकि शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और कोयला निकासी भी तेज हो सके। गेवरा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान सीएमडी ने खदान के एग्जिट बैरियर और कोल इवैक्यूएशन रूट का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क मार्ग से होने वाले डिस्पैच को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। कोल हैंडलिंग प्लांट और बेल्ट क्लीनिंग सिस्टम की कार्यक्षमता परखी गई। खदानों में 42 क्यूम और 16 क्यूम गेवरा रोड-कुसमुंडा रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित ओवरब्रिज और अंडरपास के निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए इसे समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्पादन और डिस्पैच में दक्षता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूरी टीम को बेहतर योजना और समन्वय के साथ काम करना होगा ताकि देश की बिजली घरों को कोयले की कमी न हो।

## डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

# डीएमएफ से जिला का होगा अतिरिक्त विकास : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनप्रतिनिधियों के सहयोग और जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिले में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। अन्य योजनाओं के साथ-साथ डीएमएफ मद से भी जिले में अतिरिक्त विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। आज अनुमोदित कार्यों में स्कूल, आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य सेवाएँ, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण तथा पुल-पुलियों के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। स्वीकृत कार्यों का समय-सीमा में पूर्ण होना आवश्यक है, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके।





बैठक लेते हुए केबिनेट मंत्री लखन देवांगन, उपस्थित सांसद, कलेक्टर व एसपी।

उक्त बातें उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक के दौरान कही। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के स्वीकृत कार्यों की प्रगति, पूर्ण कार्यों की कार्योत्तर स्वीकृति तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि डीएमएफ के माध्यम से पीवीटीजी समुदाय के लिए प्राथमिकता से विकास कार्य संचालित किए जाने पर संतोष व्यक्त किया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यों की नियमित समीक्षा करें, निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करें तथा नए प्रस्तावों को बजट प्रावधान के अनुरूप स्वीकृति के लिए प्रस्तुत करें। बैठक में सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि डीएमएफ मद से जिले को विकास की नई पहचान मिलेगी। उन्होंने खनन प्रभावित क्षेत्र होने के कारण प्रदूषण नियंत्रण, राखड़ बांधों से उत्पन्न समस्याओं के समाधान तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने, बारिश से पहले स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता तथा जर्जर स्कूल भवनों को सुधारने की आवश्यकता बताई। बैठक को विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कंवर, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कलेक्टर कुणाल दुदावत ने संबोधित किया।

## 1498 कार्यों के लिए 529 करोड़ की स्वीकृति

एक वर्ष की पर्सपेक्टिव योजना तैयार होगी। आंकड़ों के अनुसार एसईसीएल की विभिन्न खदानों से प्रभावित 20069 परिवारों और 4102 विस्थापित परिवारों के कल्याण हेतु योजनाएँ बनाई जा रही हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 519.11 करोड़ रुपये की प्राप्ति के विरुद्ध 1498 कार्यों के लिए 529.24 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। प्रभावित क्षेत्र, जनसंख्या और क्षेत्रफल के आधार पर शासन को विस्तृत जानकारी भेज दी गई है तथा स्वीकृत होने के बाद कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। बैठक में वर्ष 2016-17 से 2023-24 तथा 2025-26 के अनुमोदन के प्रस्ताव भी पारित किया गया।

## जागृति महिला मंडल आयोजित की भाजी पकाओ प्रतिस्पर्धा

**कोरबा।** जागृति महिला मंडल ढेलवाडीह के द्वारा छत्तीसगढ़ की सबसे चर्चित और महंगी सब्जी बोहरा भाजी पकाओ प्रतिस्पर्धा का आयोजन रविवार को रखा गया। इस अनोखे प्रतिस्पर्धा बोहरा भाजी पकाओ मे महिलाओं ने बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया। लगभग 20 महिलाओं ने भाजी बनाकर प्रस्तुत की। दो पुरुष और तीन महिलाओं की निर्णायक मंडल ने जायके का टेस्ट किया। अध्यक्ष श्रीमति गीतांजलि तिवारी, श्रीमति निशा पांडे, श्रीमति ज्योति दिवान, सुबोध तिवारी, घनश्याम पांडे प्रतिस्पर्धा में प्रथम, श्रीमती नीलिमा सेव द्वितीय, श्रीमति पांडे तृतीय अंजलि जयसवाल रही। प्रतियोगिता मे भाग लेने वाली सभी महिलाओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस आज मनाएगी डॉ. अंबेडकर की जयंती



**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को संविधान रचयिता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 136वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर कोरबा में प्रातः 10.30 बजे कार्यक्रम आयोजित है। वहीं कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष पार्षद नारायण कुर्रे ने बताया कि 14 अप्रैल को डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर घण्टाघर चौक स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष जयंती कार्यक्रम आयोजित है। जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर एवं मनोज चैहान ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक, एनएसयूआई, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अजा एवं अजजा प्रकोष्ठ सहित पार्षद, पूर्व पार्षद, ब्लाक कमेटी, मंडल कमेटी, वार्ड कमेटी तथा बूथ कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को समय पर उपस्थित होने के लिये आग्रह किये हैं।

### विकास योजना का ऑनलाइन प्रशिक्षण कल

**कोरबा।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना की संपूर्ण प्रक्रिया को 1 अप्रैल से राज्य के सभी जिलों में ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित करने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त तिथि से निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना की संपूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से किए जाने हेतु विभागीय वेबसाइट पर आरंभ की गई है। उक्त सॉफ्टवेयर ऑनलाइन संचालन के संबंध में 15 अप्रैल को प्रातः11 बजे से शाम 4 बजे तक लखीराम अग्रवाल स्मृति सभागार सिम्स चौक के पास बिलासपुर में एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई है। जिला सांख्यकी अधिकारी द्वारा सर्व संबंधित विभाग को प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधायक निधि शाखा में संबद्ध लिपिक के साथ डाटा एंट्री आपरेटर को अनिवार्य रूप उपस्थित होने निर्देशित करने का अनुरोध किया गया है।

### संगीता बनी नगर निगम की विधिक सलाहकार



**कोरबा।** अधिवक्ता श्रीमती संगीता चौहान को नगर निगम का विधिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। श्रीमती संगीता चौहान को उनके सिविल और उपभोक्ता मामलों में अनुभव और विधिक क्षेत्र में मिल रही सफलताओं को देखते हुए नगर निगम द्वारा उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगीता चौहान ने बताया कि यह नियुक्ति उनके कार्यक्षेत्र में मिली उपलब्धियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वे नगर निगम के मामलों में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे।

### पीवीटीजी का मोबाइल एप से होगा सर्वे

**कोरबा।** जिले में पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समुदाय के लगभग 1301 परिवार निवासरत हैं, जिनकी कुल जनसंख्या लगभग 4754 है। इन परिवारों के समग्र विकास एवं जीवन स्तर में सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पीवीटीजी बसाहटों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत स्वच्छ पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़क, आवास, स्वास्थ्य सेवाएं (मोबाइल मेडिकल यूनिट), आंगनबाड़ी, मोबाइल टावर, बहुउद्देशीय केंद्र एवं छात्रावास जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। शासन की मंशा है कि प्रत्येक पीवीटीजी परिवार को शासकीय योजनाओं का लाभ सीधे प्राप्त हो तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।



# डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर विशेष....

























## खबर संक्षेप

### पताढ़ी में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**कोरबा।** ग्राम पताढ़ी मे कलश यात्रा के साथ 14 से 21 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ महात्सव का आयोजन होने जा रहा है। जिसके आयोजनकर्ता कालेश्वर प्रसाद श्रीवास ने बताया कि कथा का शुभारंभ 14 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ आयोजित होगा। घट स्थापना के साथ ग्राम घघरा, खरसिया वाले पंडित दीपक कृष्ण महाराज के श्रीमुख शुरू होगा। कालेश्वर प्रसाद श्रीवास के भागवत के सभी भक्तों से प्रार्थना किए है कि हमारे पताढ़ी ग्राम में भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है।

### अधिकार सम्मेलन एवं विशाल भंडारा का आयोजन आज

**हरदीबाजार।** बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर मिनीमाता की प्रतिमा अनावरण समारोह एवं अधिकार सम्मेलन 25 गवां सतनामी समाज के द्वारा ग्राम जोरहाडबरी बुडगहन में 14 अप्रैल को शाम 4 बजे सतनाम प्रेरणा स्थल में होने जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी मुकेश कुमार अध्यक्ष सतनाम विकास समिति छ ग़ ने समाज के द्वारा अधिकार सम्मेलन बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर मिनीमाता की प्रतिमा अनावरण समारोह एवं अधिकार सम्मेलन का आयोजन सतनामी समाज के द्वारा किया जा रहा है। साथ ही कार्यक्रम में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ चरणदास महंत नेता प्रतिपक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ एवं विधायक शक्ति तथा श्रीमती ज्योत्सना महंत सांसद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राघवेंद्र सिंह विधायक अकलतरा के द्वारा किया जाएगा।

### बाबा की जयंती पर रक्तदान शिविर आज


**हरदीबाजार।** भारतरत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर चौक हरदीबाजार में सुबह 11 रक्तदान शिविर और 12 माल्यार्पण किया जाएगा। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर और शाम 5 बजे से सांस्कृतिक लोक कला मंच का कार्यक्रम रखा गया है कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल टंडन ने बताया है कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 14 अप्रैल को भव्य जयंती कार्यक्रम अंबेडकर चौक हरदीबाजार में मनाया जा रहा है तथा उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### सुरेश गुप्ता बने सांसद प्रतिनिधि



**कोरबा।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा जनहित के कार्यों को गति देने के उद्देश्य से सुरेश गुप्ता (निवासी शहीद हेमु कॉलोनी, पाली) को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पाली ब्लॉक हेतु अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। अपनी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए सुरेश गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और वरिष्ठ नेताओं के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की है।

### आरक्षण एवं अन्य मांगों के संबंध में अधिकारी कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** सोमवार की शाम 5:30 बजे के बाद पदोन्नति में आरक्षण एवं अन्य मांगों के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के बैनर तले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह के मुख्य अभियंता को प्रबंधन के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

### संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**कोरबा।** गायत्री परिवार की युवा संगठन दिया डिवाइन ग्रुप छत्तीसगढ़ के निर्देशन में गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को सुबह 11 से दोपहर 2 तक जिला स्तरीय सृजन चेतना युवा संगोष्ठी का आयोजन हुआ। समाज में सेवा संस्कार और विचार क्रांति के संदेश को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# बांगो बांध के बकेट का ट्रीटमेंट करेगी दिल्ली की कंपनी

## मई के पहले सप्ताह में शुरू होगा काम, ठेकेदार ने शुरू की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रदेश के सबसे बड़े बांध बांगो बांध के बकेट ट्रीटमेंट की तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि बकेट के ट्रीटमेंट के लिए दिल्ली की कंपनी को बुलाया गया है जिसके द्वारा आने वाले दिनों में काम शुरू कर दिया जाएगा। जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर पहाड़ियों के बीच में बांगो बांध का निर्माण किया गया है। जहां हर साल बांध के पानी से कोरबा, जांजगीर, चांपा, सक्ति, रायगढ़ सहित आसपास के जिलों के खेतों की प्यास बुझाई जाती है। साथ ही दर्जनों पावर प्लांट को भी बांगो बांध से संचालित होते हैं।

हसदेव बांगो बांध का निर्माण 1992 में पूर्ण हुआ था। बांध की जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। बारिश के दिनों में जब हाईडल प्लांट चलाने के बाद भी बांध का वाटर लेवल मेंटेन नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में बांध के गेट खोल कर पानी छोड़ दिया जाता है। बांध में कुल 11 गेट हैं। पानी छोड़ने और बारिश के समय बकेट का कांक्रीट कमजोर हो जाती है। इसी वजह से इसका ट्रीटमेंट करने के लिए प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया था। जहां स्वीकृति मिलने के बाद बांगो बांध का बकेट का जल संसाधन विभाग द्वारा ट्रीटमेंट कराए जाने की तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि जल संसाधन विभाग में इसके लिए टेंडर बुलाया था और अब बांगो बांध के बकेट के ट्रीटमेंट का काम दिल्ली की अपार इंफ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड नामक कंपनी को दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि मई के पहले सप्ताह में अपार इंफ्रास्ट्रक्चर नामक ठेका कंपनी द्वारा बांगो बांध के बकेट का ट्रीटमेंट का काम शुरू कर देगी। इसके लिए जल संसाधन विभाग व ठेका कंपनी ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि ट्रीटमेंट के बाद बकेट और मजबूत स्थिति में आ जाएगी।



### क्या होता है बकेट

जिले के हसदेव नदी पर स्थित मिनीमाता बांगो बांध का बकेट बांध के स्पिलवे के नीचे बना एक कंक्रीट ढांचा है, जो गेट से छोड़े गए पानी की ऊर्जा को कम करता है। यह संरचना तेज गति से गिरते पानी के प्रवाह को शांत करती है, जिससे बांध के निचले हिस्से (नींव) में मिट्टी के कटाव को रोका जा सके और बांध की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जब बांध का जलस्तर बढ़ता है और गेट से पानी छोड़ा जाता है, तो यह पानी अत्यधिक वेग से नीचे आता है। बकेट उस ऊर्जा को नष्ट कर देता है, अन्यथा वह बांध की नींव को नुकसान पहुँचा सकता है। आमतौर पर स्पिलवे के नीचे का एक ठोस कंक्रीट का हिस्सा होता है, जिसे विशेष रूप से पानी के बहाव को नियंत्रित करने के लिए डिजाइन किया जाता है।

## कोरबा विकास समिति (रेल) की बैठक

# समिति ने कहा- बिना आंदोलन नहीं मिलेगा हक





रेल विकास समिति की बैठक में उपस्थित सांसद ज्योत्सना महंत, केबिनेट मंत्री लखन देवांगन एवं श्रमिक, उद्योग व व्यवसायिक संगठन के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर टीपी नगर स्थित होटल महाराजा में कोरबा विकास समिति (रेल) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत विशेष रुप से उपस्थित रहीं। बैठक में उपस्थितजनों ने सर्वसम्मति से कोरबा में रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर आंदोलन के रास्ते को अख्तियार करने का सुझाव दिया। सभी उपस्थित नागरिकों का एकस्वर में कहना था कि रेलवे कोरबा से राजस्व की कमाई तो करता है पर सुविधाओं की उपलब्धता के मामले में कोरबा की रेलवे द्वारा की जा रही उपेक्षा को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में तय किया गया 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे कोरबा विकास समिति (रेल) का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिलकर कोरबा में रेल सुविधाओं से संबंधित अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेगा। साथ ही कलेक्टर से आग्रह करेगा कि कोरबा विकास समिति (रेल) के प्रतिनिधिमंडल की बैठक कोरबा में ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कराया जाए। इस बैठक में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत, वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री छग शासन लखनलाल देवांगन सहित जिले के तीनों विधायक, कांग्रेस भाजपा के जिला अध्यक्ष, श्रमिक संगठन, समाजसेवी, व्यापारिक संगठन चेंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधि सहित अन्य लोग सम्मिलित होंगे। इस बैठक में रेलवे के अधिकारियों पर इस बात का पुरजोर दबाव बनाया जाएगा कि उनके द्वारा रेल सुविधाओं के मामले में कोरबा की उपेक्षा को अब कोरबा का आम नागरिक बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि रेलवे समय रहते नहीं चेतता है तो उसे उग्र आंदोलन का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी रेलवे अधिकारियों की ही होगी। बैठक में सभी राजनीतिक दल, चेंबर आफ कामर्स, श्रमिक संगठन, समाजसेवी संगठन, भूविस्थापित संगठन, पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विपणन विभाग वापस लेगा उपार्जन केंद्रों में रखे 15 हजार बारदाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी के बाद बचे हुए बारदानों को वापस लेने के संबंध में विपणन विभाग और जिला सहकारी बैंक के बीच लगातार पत्र व्यवहार के बाद आखिरकार विपणन विभाग ने बचे हुए सही सलामत बारदानों को वापस लेने का निर्णय लिया है। ऐसे वारदानों की संख्या 15 हजार के लगभग है।

धान खरीदी केन्द्रों में प्रति वर्ष विपणन विभाग के द्वारा उपार्जन केन्द्रों में बारदानों की आपूर्ति की जाती है। इस बार लगभग 7 लाख बारदाने सभी 65 उपार्जन केन्द्रों में पहुंचाए गए थे। तीन महीने तक चली खरीदी के दौरान वारदानों की संख्या कम होने की स्थिति पर पीडीएस की दुकानों से भी वारदानों को लेने की मजबूरी धान खरीदी करने वाली समितियों के सामने खड़ी हो गई थी। सहकारिता विभाग के बैंक द्वारा खाद्य विभाग के सहयोग से पीडीएस के बारदाने का उपयोग किया गया। इन बारदानों में कई बारदाने फटे हुए निकले। जो उपयोग करने लायक नहीं थे। इसे लेकर समिति प्रबंधकों ने भी खाद्य विभाग को अवगत कराया था। किन्तु फटे हुए बारदाने खाद्य विभाग ने भी वापस नहीं किए। 10 फरवरी तक चली खरीदी के बाद शेष बचे बारदानों को वापस लेने के लिए सहकारी बैंक के द्वारा विपणन विभाग को पत्र लिखा गया था।

## बिजनेस न्यूज

### प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण लखनवी चिकन



**कोरबा।** निहारिका के घंटाघर मैदान में चल रहे स्वदेशी शिल्प महोत्सव में इन दोनों आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए ग्राहकों का काफी रुझान लखनवी चिकन एवं सूती कपड़ों की तरफ देखा जा रहा है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए लखनवी चिकन कुर्तियां को काफी पसंद किया जा रहा है जो गर्मी के लिए काफी आराम देह एवं शोवर ड्रेस लाते हैं। इसके साथ ही साथ सूती ड्रेस मटेरियल, सूती कॉटन टॉप, सूती साड़ियां, खादी गमछे एवं रुमाल मेरठ के खादी कुर्ते एवं शर्ट, लेडीज कुर्तियां, कश्मीरी नकाशी वाली सूती कुर्तियां, मोजड़ी चप्पल, भागलपुरी ड्रेस मटेरियल, जयपुरी सूती टॉप के साथ-साथ हजारों वस्तुओं का अनमोल संग्रह एक ही छत के नीचे ऊर्जा नगरी वासियों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है प्रदर्शनी का समय सुबह 11:00 से लेकर रात्रि के 10:00 बजे तक है जहां पार्किंग एंट्री बिल्कुल फ्री है प्रदर्शनी में क्रेडिट और डेबिट कार्ड के माध्यम से भी खरीदारी की जा सकती है। हथकरघा वस्तुओं पर 10% एवं हस्तशिल्प वस्तुओं पर 20% तक की विशेष छूट का भी प्रावधान आयोजक मंडल द्वारा दिया जा रहा है ।प्रदर्शनी समिति दोनों के लिए लगाई गई है संस्था द्वारा आह्वान किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में आए और अपनी मनपसंद वस्तुओं की खरीदारी करें।

# आत्मानंद स्कूलों में शुल्क लागू करने का निर्णय गरीब विरोधी : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने स्वामी आत्मानंद स्कूलों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों पर 5 सौ वार्षिक शुल्क लगाए जाने के निर्णय का विरोध करते हुए इसे पूरी तरह गरीब विरोधी एवं जनविरोधी फैसला बताया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2019 से कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के गरीब, वंचित एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को उच्चस्तरीय अंग्रेजी माध्यम शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना प्रारंभ की थी। इस योजना के अंतर्गत आज प्रदेशभर में हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम सहित लगभग 751 विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जहां विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, गणवेश, पुस्तकें एवं अन्य अध्ययन सामग्री प्रदान की जाती रही है। उन्होंने कहा कि आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश हेतु हमेशा से अधिक मांग रही है, जिसके चलते लॉटरी प्रणाली अपनाई जाती है। यह इस योजना की सफलता और जनता के भरोसे का प्रमाण है। लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा शुल्क लागू करने का निर्णय इस सफल मॉडल को कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हजारों ऐसे परिवार हैं, जिनके लिए 5 सौ रुपए वार्षिक शुल्क भी देना कठिन है। इससे अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल से निकालने को मजबूर हो सकते हैं, जिससे योजना का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मानंद विद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता ही यह रही है कि यहां बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के बच्चों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है। श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस जनविरोधी निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए तथा पूर्व की भांति आत्मानंद स्कूलों में पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था बहाल की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार शीघ्र ही यह निर्णय वापस नहीं लेती है, तो कांग्रेस पार्टी अभिभावकों और छात्रों के साथ मिलकर प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।



जयसिंह अग्रवाल

### जिला स्तरीय सृजन चेतना युवा संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**कोरबा।** गायत्री परिवार की युवा संगठन दिया डिवाइन ग्रुप छत्तीसगढ़ के निर्देशन में गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को सुबह 11 से दोपहर 2 तक जिला स्तरीय सृजन चेतना युवा संगोष्ठी का आयोजन हुआ। समाज में सेवा संस्कार और विचार क्रांति के संदेश को आगे बढ़ाने, दिया डिवाइन ग्रुप के गतिविधियों के विस्तार के विषय में संकल्प और उद्देश्यों को पूर्णता तक पहुंचाने के उद्देश्य से संगोष्ठी गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित हुई। संगोष्ठी दिया छग प्रांतीय प्रतिनिधि हृदय प्रसाद साहू जांजगीर एवं सुशील कश्यप, विनोद कश्यप, डिवाइन ग्रुप संरक्षक गोलवती उईके, प्रांतीय दिया छ.ग सह संयोजक ओम प्रकाश बलभद्र की उपस्थिति में एवं कोरबा जिला संयोजक विजेंद्र यादव जिला सहसंयोजक तानसेन गुप्ता के नेतृत्व में सृजन चेतना संगोष्ठी संपन्न हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र केवट ने किया।

# एडीआरएम पहुंचे कोरबा, कोल साइडिंग का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे डीआरएम के प्रतिनिधि के रुप में पहुंचे एडीआरएम के. श्रीनिवास ने एसईसीएल के कोल साइडिंग के निरीक्षण के साथ स्टेशन परिसर और रनिग रुम का भी निरीक्षण किया। कोल साइडिंग के शिफ्ट करने के संबंध में एसईसीएल प्रबंधन से भी लंबी चर्चा की। इस दौरान कोल साइडिंग के शिफ्ट करने के संबंध में एसईसीएल प्रबंधन के कार्ययोजना की भी जानकारी ली गई। एडीआरएम के. श्रीनिवास अपने कोरबा प्रवास के दौरान रविवार देर शाम पहुंचे थे इस दौरान उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। सोमवार सुबह एडीआरएम के. श्रीनिवास निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में अमृत मिशन योजना अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और कार्यों में गति लाने के संबंध में निर्देश दिए एवं निर्माण कार्य के दौरान तकनीकी बिंदुओं को गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने स्टेशन परिसर में यात्री सुविधाओं का भी अवलोकन किया। इसके अलावा लोको पायलट के रनिंग रुम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे अधिकारियों के साथ सुविधाओं के संबंध में लोको पायलट से भी चर्चा की। स्टेशन परिसर के निरीक्षण पश्चात एडीआरएम के. श्रीनिवास सीधे सेकेण्ड एंट्री के समीप एसईसीएल की कोल साइडिंग को भी देखा। कोल साइडिंग की वजह से सेकेण्ड एंट्री का आम यात्रियों को लाभ नहीं मिलने की स्थिति का भी अवलोकन किया। इस संबंध में एडीआरएम ने एसईसीएल मानिकपुर परियोजना के एजीएम से भी लंबी चर्चा की और कोल साइडिंग को शिफ्ट करने की दिशा पर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी एसईसीएल के एजीएम ने एडीआरएम के. श्रीनिवास को बताया कि शावेल का निर्माण कार्य चल रहा है और वह पूर्णता की ओर है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कोल साइडिंग को शिफ्ट कर दिया जाएगा। कोल साइडिंग के विषय पर रेलवे प्रबंधन ने पूर्व में भी एसईसीएल को पत्र लिखा था। संघर्ष समिति के सदस्य मिले एडीआरएम सेः एडीआरएम के. श्रीनिवास के प्रवास के दौरान रेल संघर्ष समिति के सदस्यों ने भी मुलाकात करते हुए रेलवे द्वारा पैसेंजर ट्रेनों के बार बार रद्द करने से रेल यात्रियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। रेल संघर्ष समिति ने एडीआरएम के. श्रीनिवास से बिलासपुर भोपाल पैसेंजर को कोरबा से चलाने एवं पूर्व में छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को कोरबा से चलाए जाने की घोषणा को ध्यान में लाया। रेल संघर्ष समिति के द्वारा बिलासपुर से सुबह 9.30 बजे के बाद कोरबा के लिए कोई यात्री गाड़ी नहीं होने की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## पारंपरिक खेलों के साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के भी लगे स्टॉल

# बचपन की टिकट कार्यक्रमः महिलाओं ने खेल-खेल में फिर जिया बचपन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बचपन की टिकट–चलव दीदी खेल-खेले बर जाबो कार्यक्रम ने मातृशक्तियों को एक बार फिर उनके सुनहरे बचपन की यादों में लौटा दिया। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित अशोक वाटिका में आयोजित इस भव्य आयोजन में 5 हजार महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पारंपरिक खेलों के माध्यम से अपने बचपन को फिर से जीया।

कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, उद्योग मंत्री लखन देवांगन, जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर संजू देवी राजपूत, सह संभाग प्रभारी रायपुर डॉ. राजीव सिंह, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल मिश्रा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विकास अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मंच संचालन भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार ने किया। सखी-सहेली महिला समूह के तत्वावधान में आयोजित इस अनोखे कार्यक्रम में प्रवेश द्वार पर पंजीयन और टोकन वितरण की सुव्यवस्था की गई थी। अलग-अलग पंडालों में खेलों का आयोजन हुआ, जहां महिलाओं ने जमकर हिस्सा लिया। खो-खो, कबड्डी, फुगड़ी, रस्सी कूद, कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, चम्मच दौड़, जलेबी दौड़ और हौजी हर खेल ने बचपन की यादें ताजा कर दी। खेलों के साथ-साथ पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भी विशेष आकर्षण रहा। यहां पारंपरिक खेलों के साथ महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। जलपान और स्वल्पाहार के लिए अलग- अलग स्टॉल लगाए गए थे , जहां महिलाओं और युवतियों की अच्छी खासी भीड़ नजर आयी।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी भी खुद को रोक नहीं पाए और भावुक अंदाज़ में बोले आज तो ऐसा लग रहा है मानो कोरबा में बचपन ने फिर से एंट्री मार ली है। उम्र सिर्फ एक संख्या है, असली जोश तो दिल में होता है।कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



कबड्डी में भाग लेते हुए महिलाएं।

### महिलाओं को मिला बचपन जीने का मंच : सरोज

इस अवसर पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा कि यह भव्य आयोजन पूरी तरह निःशुल्क रखा गया, जिसका मूल उद्देश्य जिले भर की महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना था। उन्होंने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और बढ़ते तनाव के बीच लोग अक्सर अपने मूल स्वभाव और बचपन की मासूम खुशियों को भूल जाते हैं। ऐसे आयोजन महिलाओं को कुछ पल के लिए तनावमुक्त होकर अपने बचपन को फिर से जीने का अवसर देते हैं, साथ ही आपसी जुड़ाव और सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं।



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411